**#trafficlights:** शहर में सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था की कवायद, यातायात पुलिस ने भेजा पुलिस मुख्यालय को प्रस्ताव

# एआइ की मदद से ट्रैफिक लाइटें होंगी स्मार्ट, खुद बदल सकेंगी समय

पत्रिका
पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) का अब इस्तेमाल किया जाएगा। यातायात पुलिस इस संबंध में एक प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय में भेज रही है। अगर मंजूरी मिलती है तो यह शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को पूरी तरह से बदलने में सहायक होगा। प्रस्ताव के अनुसार यातायात के दबाव और स्थिति पर ट्रैफिक लाइटें खुद ही समय बदलने में सक्षम होंगी। इसका उद्देश्य सड़क पर जाम की समस्या कम करना है।




## ऐसे काम करेगा एआइ सिस्टम

**स्मार्ट ट्रैफिक लाइट** सिस्टम में एआइ तकनीक से ट्रैफिक लाइट्स को नियंत्रित किया जाएगा। वर्तमान में ट्रैफिक लाइट्स निर्धारित समय पर बदलती हैं, अब यह सिस्टम ट्रैफिक के दबाव के अनुसार खुद ही टाइमिंग बदल सकेगा। किसी सड़क पर वाहनों का दबाव अधिक है तो ट्रैफिक लाइट पर अधिक समय तक हरी बत्ती जलेगी। वहीं अगर किसी मार्ग पर ट्रैफिक कम है तो लाइटें जल्दी बदल जाएंगी, जिससे ट्रैफिक बेहतर चल सके। यह सिस्टम सड़क पर कैमरों और सेंसर्स के माध्यम से ट्रैफिक की स्थिति का आकलन करेगा और एआइ के जरिये ट्रैफिक लाइट्स को अपने आप नियंत्रित करेगा।

**कम होगा जाम :** स्मार्ट प्रणाली से शहर के ट्रैफिक पर दबाव बढ़ने पर ट्रैफिक लाइट्स स्वतः समय को बढ़ा देंगी, जिससे वाहनों का सुचारू आवागमन होगा। इससे शहर की ट्रैफिक जाम की समस्या काफी हद तक कम हो सकेगी। इससे रोज शहर में जाम से जूझ रहे लोगों को भी राहत मिलेगी।

## पेट्रोल-डीजल की बचत

ट्रैफिक लाइटें खुद ही समय के अनुसार बदलेंगी। इससे वाहनों को कम समय तक इंतजार करना पड़ेगा, जिससे पेट्रोल और डीजल की खपत कम होगी। पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**आपातकालीन स्थिति में मदद :** यदि किसी मार्ग पर आपातकालीन स्थिति हो तो सिस्टम के जरिए ट्रैफिक को नियंत्रित किया जा सकता है, जिससे एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड जैसी सेवाओं को जल्दी रास्ता मिल सकेगा।

## स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन

यह सिस्टम ट्रैफिक डेटा का विश्लेषण करके शहरभर में ट्रैफिक की योजना बना सकता है। इसमें न केवल ट्रैफिक लाइट्स का संचालन, बल्कि पूरे ट्रैफिक नेटवर्क का एक बेहतर प्रबंधन हो सकेगा।

ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए शहर में ट्रैफिक लाइट्स में एआइ का प्रयोग किया जाएगा। ट्रैफिक लाइट्स में लगे सेंसर ट्रैफिक के दबाव और स्थिति के अनुसार खुद ही अपनी टाइमिंग कर लेंगे। **शहीन सी,** डीसीपी ट्रैफिक

**Jaipur City, 02/04/2025, Page 07**